हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल 2026

06 नहीं जले नरवाई, प्रबंधन के लिए जिले के ...



07 श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में 5 किमी...





## खबर संक्षेप

### भगवान गणेश को समर्पित किया आमंत्रण

**सीहोर।** शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी। प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। इसे लेकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का सोमवार को श्रीगणेश किया गया है। यज्ञ व्यवस्थापक और यज्ञाचार्य सहित क्षेत्रवासियों ने शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश को आमंत्रण समर्पित किया। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है।

### आगामी दिनों में और बढ़ेगी आवक, टैक्टर-ट्रॉली और छोटे लोडिंग वाहनों से भरा नजर आया मंडी परिसर

# मंडी में बंपर आवकः 800 से अधिक वाहनों में 15 हजार क्विंटल उपज लेकर पहुंचे अन्नदाता

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आसपास के जिलों की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार सीहोर कृषि उपज मंडी इन दिनों गेहूं की दमक से चमक रही है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की आवक अब अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। सोमवार को मंडी परिसर में चारों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें नजर आईं। दिन भर में लगभग 15 हजार क्विंटल अनाज की आवक दर्ज की गई।

बता दें सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था। गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि सोमवार को कुल 805 वाहनों के माध्यम से उपज मंडी पहुंची। इसमें करीब 600 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 200 से अधिक लोडिंग वाहन (जैसे 207 और 407) शामिल थे। मंडी परिसर पूरी तरह वाहनों से खचाखच भरा रहा, जिससे नीलामी प्रक्रिया में भी काफी समय लगा।

#### शरबती की चमक और दामों में तेजी

मालूम हो कि सीहोर का शरबती गेहूं न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी गुणवत्ता, मिठास और चमक के लिए प्रसिद्ध है।



**मंडी में कुल 15 हजार क्विंटल आवक**

गेहूं: 12000 क्विंटल
सोयाबीन: 2000 क्विंटल
मक्का व अन्य: 1000 क्विंटल



सोमवार को हुई कुल आवक में सबसे अधिक आकर्षण शरबती गेहूं का रहा। शरबती गेहूं के भाव 3000 से लेकर 44 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। वहीं सामान्य गेहूं 2300 से 2800 प्रति क्विंटल के भाव पर बिकीं। बता दें शरबती की मांग देश के महानगरों जैसे मुंबईए दिल्ली और पुणे में अधिक होने के कारण किसानों को अच्छे दामों की उम्मीद है।

#### आवक ने पकड़ी गति

मंडी के वरिष्ठ गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि नए गेहूं की आवक अब पूरी गति पकड़ चुकी है। उन्होंने कहा सीहोर मंडी अपनी पारदर्शिता और शरबती गेहूं की क्वालिटी के कारण किसानों की पहली पसंद है। वर्तमान में जो आवक शुरू हुई है, वह शुरुआती रुझान है। आने वाले एक-दो सप्ताह में यह आवक दोगुनी होने की संभावना है।

#### फसलों की कटाई अंतिम दौर में

किसान रामचंदर परमार ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की पैदावार अच्छी हुई है। होली के बाद और मौसम में सूरज के तेवर तीखे होने से के साथ ही फसलों की कटाई तेज हो गई थी। बाद में बारिश के कारण गेहूं की चमक फीकी पड़ी है। आगामी दिनों में मंडी में आवक और बढ़ेगा। बता दें मंडी की इस रौनक से न केवल व्यापारियों के चेहरों पर खुशी है, बल्कि परिवहन व्यवसाय और मंडी से जुड़े मजदूरों को भी रोजगार मिल रहा है। मण्डी प्रबंधन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज की सुरक्षा के लिए तिरपाल साथ लाएं और मंडी के नियमों का पालन करें।



### अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## मौसम में उतार-चढ़ाव : दोपहर में तेज धूप, रात में बारिश, वेस्टर्न सिस्टम सक्रिय, हो सकती है बारिश



**सीहोर।** जिले में अप्रैल माह के पहले सप्ताह में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। दिन में जहां तेज धूप और गर्मी रहती है, वहीं शाम को अचानक मौसम बदलकर आसमान में काले बादल छा जाते हैं। बीते 24 घंटे के दौरान सीहोर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अप्रैल माह की शुरुआत से ही मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दोपहर में तेज धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले 24 घंटों में जिले के कई स्थानों पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई। आज का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कल के 38 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ सिस्टम के कारण मौसम का मिजाज बदला है। इस समय वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी सक्रिय है। बताया गया है कि आगामी दिनों में बारिश का एक और सिस्टम सक्रिय होने वाला है, जिसके कारण अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

**अप्रैल के पहले सप्ताह के तापमान का विवरण**

01 अप्रैल: 36 डिग्री सेल्सियस
02 अप्रैल: 32 डिग्री सेल्सियस
03 अप्रैल: 38 डिग्री सेल्सियस
04 अप्रैल: 34 डिग्री सेल्सियस
05 अप्रैल: 38 डिग्री सेल्सियस
06 अप्रैल: 39 डिग्री सेल्सियस

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा।

## युद्ध का असर हुआ प्रारम्भ....होटल एसोसिएशन ने बढ़ाए खाद्य पदार्थों के भाव



**नलखेड़ा।** अमेरिका-इजरायल एवं ईरान युद्ध का असर अब आम जनजीवन पर पड़ना प्रारम्भ हो चुका है। कमर्शियल एलपीजी एवं खाद्य तेलों के रेट बढने के बाद स्थानीय होटल एसोसिएशन ने खाद्य पदार्थो के दोगुणा तक भाव बढ़ा दिए है। जिसका असर आम जनजीवन पर दिखाई देगा। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते आये एलपीजी संकट के कारण कमर्शियल एलपीजी के रेट बढ़ चुके है साथ ही इसकी सप्लाई भी प्रभावित हुई है। इसके साथ ही खाद्य तेल के भाव भी लगातार बढ़ने से होटलों में चाय नाश्ता की लागत बढ़ गई है। लगातार भाव बढ़ने के बाद स्थानीय होटल एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लागत बढ़ने के कारण चाय से लगाकर पोहा, कचोरी, समोसा जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थो के भाव बढ़ाने का निर्णय लिया गया एसोसिएशन द्वारा नई रेट लिस्ट जारी की गई है जिसमे चाय नाश्ता की सामग्री के भाव दोगुणा तक बढ़ाये गए है। बैठक में अध्यक्ष किशोर बैरागी,कोषाध्यक्ष विनोद गवली,सचिव अरविंद फाफरिया, उपाध्यक्ष किशोर गवली,भेरू मेरोठा, मनोहर पुष्पद सहित होटल यूनियन सदस्य उपस्थित थे। जिनकी सर्वसम्मति से नई रेट लिस्ट जारी की गई है। होटल एसोसिएशन द्वारा खाद्य पदार्थो के भाव बढ़ाये जाने का असर आम उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगेगा।

## मां के दरबार पहुंची प्रदेश मंत्री व संगठन प्रभारी पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री व आगर जिला संगठन प्रभारी जयदीप पटेल विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना की गई। मंगलवार को श्री पटेल भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय के साथ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मंडल महामंत्री शिवम नागर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री पटेल व श्री मालवीय द्वारा युवा मोर्चा के



नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी सुनील पाटीदार का भी स्वागत किया गया।

**मंत्री श्री राजपूत भी पहुंचे मां के दरबार में:** सोमवार रात्रि को प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंदसिंह पटेल भी विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे थे। जहाँ उन्होंने दर्शन पूजन कर विशेष हवन अनुष्ठान भी किया था॥ मंत्री श्री राजपूत का भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया था।

### सीएम और प्रदेश अध्यक्ष भी कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े

# भाजपा का बनने वाला 'सौभाग्यशाली' कार्यालय, तीन जिलाध्यक्षों के कार्यकाल में तीसरी बार हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपने जिला कार्यालय के लिए दशकों पुराना इंतजार अब खत्म होने की राह पर है। सोमवार को भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर क्रिसेंट रिसोर्ट चौराहे के समीप भाजपा के नवीन जिला कार्यालय का भूमिपूजन संपन्न हुआ। हालांकि इस कार्यालय के साथ एक दिलचस्प इतिहास भी जड़ गया है। यह जिला भाजपा का वह 'सौभाग्यशाली' कार्यालय होगा, जिसका अब तक तीन अलग-अलग जिलाध्यक्षों के कार्यकाल में भूमिपूजन हो चुका है।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा का विषय है कि भाजपा का यह बनने वाला कार्यालय कई जिलाध्यक्षों के कार्यकाल का साक्षी बनेगा। सोमवार को वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के नेतृत्व में इसका विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब इस भवन की नींव रखी गई हो। इससे पहले तत्कालीन जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी के कार्यकाल में भी इस कार्यालय का भूमिपूजन हुआ था। उसके बाद रवि मालवीय के जिलाध्यक्ष रहते हुए भी इसकी आधारशिला रखी गई थी। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत ने इसका भूमिपूजन किया था। उस वक्त कहा गया था कि भाजपा अगले 100 साल तक सत्ता में रहेगी और कार्यकर्ताओं को हाईटेक होना पड़ेगा। अब तीसरी बार नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल में हुए इस भूमिपूजन से कार्यकर्ताओं में यह उम्मीद जगी है कि इस बार निर्माण कार्य धरातल पर उतरेगा और पूर्ण होगा।



**वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष :** सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर है और यह कार्यालय संगठन की मजबूती का केंद्र बनेगा। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि हमें इस कार्यालय का निर्माण एक वर्ष के भीतर पूर्ण करना है, ताकि अगले वर्ष 6 अप्रैल को ही इसका लोकार्पण किया जा सके।

**अनेक बड़े नेता रहे मौजूद :** कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड स्थित पुराने कार्यालय पर झंडा वंदन के साथ हुई, जिसके बाद सभी नेता क्रिसेंट चौराहे के पास स्थित प्रस्तावित स्थल पर पहुंचे। यहां जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, गोपाल इंजीनियर, युवा नेता कार्तिकेय चौहान, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और जिला प्रभारी विकास विरानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिजली संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए समाधानः कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को समय पर राहत पहुंचाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण में देरी के कारण लोगों को अनावश्यक परेशानी होती है और कई बार यह आक्रोश का कारण बनती है। अतः शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### स्लॉट बुकिंग न होने पर किसानों में आक्रोश

**चापडा।** इस वर्ष लगातार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर सरकार आनाकानी करते दिखाई दे रही है।किसानों कि नाराजगी के चलते सरकार द्वारा 7 अप्रैल से किसानों की गेहूं तुलाई समर्थन मुल्य पर शुरू कराने और स्लाट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का दावा किया गया था लेकिन मंगलवार को हालात इसके बिलकुल विपरीत नजर आए किसानों को न तो स्लाट बुक कराने का अवसर मिला और न ही संबंधित पोर्टल खुल पाया। इससे किसानों में भारी नाराजगी और निराशा का माहौल है स्थानीय किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा पुर्व में भी बड़े बड़े दावे किए गए थे कि इस बार व्यवस्थाएं सुचारू रहेगी और किसानों को किसी भी प्रकार कि परेशानी नहीं होगी लेकिन हकीकत में मंगलवार को पुरे दिन किसान केन्द्रो के चक्कर लगाते नजर आए परन्तु उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों ने बताया कि वे सुबह से ही स्लाट बुकिंग के इन्तजार में बैठे रहे लेकिन पोर्टल ही नहीं खुला। ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की घोषणाएं सिर्फ कागजों पर ही सीमित रह गई। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने की प्रक्रिया में देरी होने से उन्हें आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ा सकता है वही खुले बाजार में उन्हें उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पोर्टल शुरू करने और स्लाट बुकिंग की व्यवस्था सुचारू रूप करने की मांग की है ताकि उनकी फसल समय पर खरीदी जा सके। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते गेहूं खरीदी नहीं की गई तो मौसम कि मार भी किसानों को भरी पड सकती है। कई किसानों के गेहूं की फसल खुले आसमान की निचे पड़ी हुई है जिससे किसानो को भारी नुक़सान होने का अंदेशा है।

### सीईओ जिला पंचायत शर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# नहीं जले नरवाई, प्रबंधन के लिए जिले के किसानों को करें जागरूक: सीईओ शर्मा

लम्बित सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों की समीक्षा कर प्राथमिकता से निराकरण करने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

#### वैक्सीनेशन से बालिकाएं हो रही सुरक्षित

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन का कार्य माह फरवरी से लगातार जारी है। जिसमें 14 वर्ष की बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वैक्सीनेशन के कार्य में गति लाए और शत-प्रतिशत बालिकाओं को वैक्सीनेशन कर सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करें। उन्होंने किलकारी अभियान के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि इसके तहत अभियान सैम और मैम बच्चों का चिंहाकिंत कर उन्हें पोषण पुर्नवास केंद्र में भर्ती करवाएं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की पोषण पुर्नवास केंद्र से छुट्टी हो गई है उनकी मॉनिटरिंग करें।

#### नरवाई प्रबंधन के बारे में दें जानकारी

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने नरवाई प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि वे नरवाई प्रबंधन के बारे में किसानों को जागरूक करें तथा नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों का उपयोग करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदार, कृषि विभाग को निर्देश दिए कि नरवाई जलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलें तथा किसानों को जागरूक करें कि नरवाई न जलाएं। नरवाई प्रबंधन के कृषि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई का प्रबंधन करें।

#### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का करें सकारात्मक निराकरण

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने विभिन्न विभागों में लम्बित सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी जिला अधिकारी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें, जिससे विभाग की रैंकिंग में भी सुधार हो। सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों में जो विभाग सी और डी रैंक में हैं वे रैकिंग सुधारें। बैठक में टीएल पत्रकों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों को आपसी समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

### चालक पर लगाया 10 हजार का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कमलापुर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है।इस मामले में न्यायालय ने दोषी चालक को 10,500 अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के प्रति पुलिस की गंभीरता को दर्शाती है और उल्लंघनकर्ताओं के लिए एक कड़ा संदेश है।

एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जनसिंह मीना के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।रविवार को कमलापुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी एक कन्टेनर चालक शराब के नशे में होकर मातमोर पुल पर कन्टेनर को लहरा कर चला रहा है संभवतः वह शराब के नशे में है जिससे पुल पर जाम की स्थिति बन गई है। उक्त सूचना पर से आरोपी कंटेनर चालक विद्याधर शिवकरण जाट उम्र 44 साल निवासी झुनझुनु राजस्थान को मय कंटेनर के साथ पकड़ा गया तो नशे शराब में होना पाया गया जिसका सिविल अस्पताल बागली में मेडिकल कराया गया तो शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि होने पर आरोपी वाहन चालक के कब्जे से उक्त कंटेनर विधिवत जप्त कर थाना कमलापुर पर खड़ा किया गया।

चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने चालक विद्याधर जाट को 10,500 के अर्थदंड से दंडित किया। कार्यवाही में थाना कमलापुर के उप निरीक्षक सर्जनसिंह, प्र.आर. अरुण आर्य, आर. लोकेश मेहरा,सैनिक विष्णु सोनी, गुलाबसिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### भोपाल हाईवे जेतपुरा में प्याऊ का शुभारंभ




**भदेवास।** भीषण गर्मी के बीच जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेतपुरा स्थित भोपाल हाईवे पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी मदन सिंह धाकड़ द्वारा किया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस प्याऊ का संपूर्ण संचालन भी मदन सिंह धाकड़ द्वारा ही किया जाता है। हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों के लिए यह पहल विशेष रूप से राहतभरी साबित होगी। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें कान्हा धाकड़, ओंकार सिंह दरबार, शाकिर शेख़, गब्बर सिंह एवं धर्मेंद्र बकोरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेंट जॉन्स स्कूल में समर कैंप की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में समर कैंप सीजन 2.0 "एक्सप्लोर 26" का शुभारंभ 06 अप्रैल को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सभी प्रशिक्षकों का विद्यालय के बैंड ग्रुप द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटपीपल्या नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण राठौर रहे। इस अवसर पर विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी ने मुख्य अतिथि का शॉल एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय में बाहर से पधारे प्रशिक्षकों का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा जुम्बा डांस प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डांस प्रशिक्षक अंतिम बाला पाटीदार का स्वागत प्राचार्या सिस्टर अर्पिता द्वारा किया गया।पाटीदार (डांस प्रशिक्षक) ने विद्यालय द्वारा आयोजित समर कैंप को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राठौर द्वारा विद्यालय के खेल मैदान में निर्मित नई क्रिकेट पिच का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।समर कैंप "एक्सप्लोर 26" के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, स्काउट एंड गाइड, स्पोकन इंग्लिश, एआई एवं मीडिया जैसी गतिविधियाँ प्रमुख हैं। कार्यक्रम का संचालन यश पंचोली, रेबेका एक्कल एवं बंटी यादव द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक फादर सोनी एंटनी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा स्टाफ सेक्रेटरी मोहित गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# किसान कांग्रेस ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करने अन्नदाताओं के बीच पहुंच कर दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को किसानों एवं कांग्रेसजनों ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर किसानों की उपस्थिति में मंडी सचिव अरविंद परिहार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश के किसानों को गेहूं खरीदी एवं समर्थन मूल्य से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत किसान अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहा है जिससे उन्हें कृषि संबंधी कार्यों के साथ-साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन व प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मांग की गई कि गेहूं की समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीदी चालू की जाए, पराली जलाने वाले किसानों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए उन्हें निरस्त किया जाए,गेहूं का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए,सोसाइटी ऋण जमा करने की तिथि बढ़ाई जाए,मंडी में व्याप्त व्यवस्था में सुधार किया जाए, फसल विक्रय के बाद तुरंत भुगतान किया जाए। ज्ञापन के पूर्व विश्वजीत सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपके माध्यम से किसानो की मांग केंद्र एवं प्रदेश सरकार तक पहुंचाना चाहते है,पराली जलाने को लेकर जिन किसानों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं उन्हें तत्काल वापस किया जाए क्योंकि अब गेहूं की कटाई आधुनिक पद्धति से होती है इसलिए गेहूं की कटाई मशीन से होने पर खेत में गेहूं के ठूठ रह जाते हैं उन्हें जलाने के अलावा किसान के पास कोई विकल्प नहीं है या तो सरकार उन्हें निःशुल्क रूप से मशीन उपलब्ध कराए जिससे कि वह गेहूं कटाई के बाद खेत साफ कर सके। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, मनोज राजानी, पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर, प्रदीप चौधरी, तंवर सिंह चौहान, भगवान सिंह चावड़ा, शोकत हुसैन, विक्रम मुकाती, मुकेश पटेल, सुधीर शर्मा, प्रेम पटेल, सुनील यादव, ईश्वर सिंह अकालिया, ब्रजराज सिंह, महेंद्र सिंह रामगढ़, अशोक गोयल, दिलीप सोलंकी, इम्तियाज भल्लू, अक्षय बाली, डॉ रितेश शर्मा, पृथ्वीराज पाटीदार, रजनीश पटेल, राकेश खोवारे, जयराम मालवीय, कुंदन पटेल, राहुल पटेल, श्याम नारियाखेड़ा, मोहित धारा सिंह, हुकम सिंह, राहुल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन किसान एवं युवा साथी उपस्थित थे।

# बिजली का तार टूटने से लगी आग, बुझाने की मशक्कत, किसान का हुआ बड़ा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन खेतों में आगजनी हो रही है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर चापडा के हाटपिपल्या मार्ग पर बिजली का तार टूटने के कारण खेत में आग लग गई जिसमें किसानों का हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

प्राप्त जानकारी अनुसार हाटपिपल्या मार्ग पर स्थित सेंट जॉन स्कूल के पास खेत में स्थित बिजली के खंभे पर बिजली के तार टूट कर खेत में गिरने से तार स्पार्क हुए और आग लग गई, आग ने इतना विकराल रूप लिया कि लगभग 15 बीघा में आग फैल गई। वहीं पर रखी सिंचाई का पाइप भी आग की चपेट में आ गया। आग जनी में लगभग 1800 फीट लंबी पाइप जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और किसानों की मदद से आग पर काबू पाया। किसान विजय कुमार त्रिवेदी, मनोहर रावत ने बताया कि विद्युत मंडल कि लापरवाही के कारण यह आग लगी है। कई बार विद्युत मंडल के कर्मचारियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने भी बिजली के तारों को सुधारने का प्रयास नहीं किया। आगजनी में सिंचाई के 1800 फीट पाइप जलकर खाक हुए।

जिनकी कीमत लगभग 40 हजार बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर पटवारी द्वारा मौका पंचनामा बनाया गया है। जिसकी लिखित जानकारी विद्युत मंडल को भी किसानों द्वारा दी गई। किसानों ने मांग कि है कि इस और उचित कार्रवाई की जाए एवं आगजनी में जो नुकसान किसानों का हुआ है उसकी राहत राशि दी जाए।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम तहत जिला पंचायत सीईओ ने छात्राओं से किया संवाद

# परिणाम उतना जरूरी नहीं जितना ध्येय निर्धारित करना: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





प्रदेश शासन के स्कूल चले हम अभियान की अनूठी पहल भविष्य से भेंट ₹कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत देवास की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति शर्मा ने शासकीय राधाबाई कन्या उमावि पहुंचकर छात्राओं से भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत संवाद किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती एवं डीपीसी अजय मिश्रा की उपस्थिति में जिला पंचायत सीईओ शर्मा का स्वागत प्राचार्य प्रवीण मालवीय एवं बीआरसी किशोर वर्मा ने किया। संवाद में जिला पंचायत सीईओ ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं से कहा कि अपनी पहचान बनाना आवश्यक है ।

अपनी पहचान बनाने के लिए आपको कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करना आवश्यक है। तभी आप शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य उच्च पदों पर आसीन होकर अपनी पहचान बनाने के साथ, आत्मसम्मान व स्वतंत्रता का जीवन व्यतीत कर पाएंगी। उन्होंने लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के जीवन का उदाहरण देते हुए भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रथम प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का उदाहरण देते हुए बताया कि उक्त सभी ने मेहनत व दृढ़ संकल्प से उच्च पदों को प्राप्त करने के साथ अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

#### जीवन भर काम आती है शिक्षा

सीईओ शर्मा ने छात्राओं से कहा कि आत्म सम्मान ,कड़ी मेहनत व अधिकारों के साथ जीवन में आगे बढ़ना है। जीवन में पैसे या धन का सम्मान नहीं होता ,पद का सम्मान होता है। इसलिए आत्म सम्मान के साथ कार्य करना जरूरी है। इस दुनिया में बहुत सी चीज आती- जाती हैं लेकिन शिक्षा जीवन भर काम आती है, इसलिए आपको समझना है कि हम क्या पढ़ रहे हैं ,उसकी कीमत क्या है, तथा 10 वर्ष बाद आप किस रूप में अपने को स्थापित करना चाहते हो इसलिए लक्ष्य बनाकर ध्येय के साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य व जीवन संवारने का कार्य करें।

#### ध्येय निर्धारित करना जरूरी

पढ़ाई के समय के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान एक विषय में 99 अंक प्राप्त होने पर उन्होंने एक अंक कम आने पर अपने शिक्षकों से चर्चा की जिस पर शिक्षकों ने उन्हें समझाया कि परिणाम उतना आवश्यक नहीं जितना ध्येय बनाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में ध्येय निर्धारित कर स्टेट टॉपर की उपलब्धि प्राप्त की थी।

#### जिज्ञासु बने रहना जरूरी

सीईओ शर्मा ने बताया कि छात्राओ के साथ संवाद का अनुभव बहुत अच्छा रहा। शासकीय राधा बाई स्कूल में छात्राओं से चर्चा हुई। औसतन छात्राएं 15 वर्ष की आयु की है, उन्हें में अपने भविष्य की तरह देखती हूं। आने वाले 10 वर्षों में लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें अपना करियर बनाना है, स्कूल चले अभियान अंतर्गत शुरू की गई इस पहल को सार्थक करते हुए छात्राओं से संवाद कायम कर उन्हें भविष्य से भेंट कराई गई। कार्यक्रम में छात्राओं को बताया गया कि शिक्षा प्राप्त करके नौकरी प्राप्त करना ही महज उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि सामाजिक नीति, मूल्यों का ज्ञान भी होना चाहिए। साथ ही चहुमुखी प्रगति के लिए जिज्ञासु बना रहना जरूरी है। डीपीसी अजय मिश्रा ने बताया कि शासन की यह अभिनव पहल है, जिसके तहत भारत की सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी में सफल होने वाले उत्कृष्ट अधिकारियों द्वारा शासकीय स्कूलों के बच्चों को उनसे संवाद कर अपना भविष्य गढ़ने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर जन शिक्षक संजय कारपेंटर, निसार खान, वीके साहू व शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

# किसानों ने तहसील कार्यालय का मुख्य गेट किया बंद, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत की तहसील इकाई बागली द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना तहसील कार्यालय परिसर के सामने दिया गया। धरने में प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों पर अलग-अलग प्रकार से प्रशासन द्वारा दबाव बनाया जा रहा है वह सही नहीं है।

यदि नियम और कानून का पालन नहीं करना है तो मण्डी अधिनियम के अंतर्गत जिस प्रकार एमएसपी से नीचे फसल बिकती है उसे पर भी आदेश का पालन होना चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए।जब तक नरवाई का विकल्प नहीं तब तक किसानों पर कार्यवाही नहीं होना चाहिए।इसके पश्चात किसानों को संबोधित करते हुए जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश जाट ने कहा कि जो गेहूं के खापे को लेकर कोर्ट के आदेश हुए हैं उसका पालन पूरी तरह होना चाहिए पहले विभाग इसका निष्पादन प्रबंध कर बताएं जब यह खुद इसका प्रबंध नहीं कर सकते तो किसानों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण किसानों के खेत पर आग लग रही है उनकी कृषि उपज जल रही हैं उनको मुआवजा दिया जाना चाहिए एवं बिजली विभाग पर कार्रवाई होनी चाहिए। जंगल में लग रही आग किसानों के खेत तक पहुंच रही है उसे भी रोका जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार,जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई, तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, मंत्री सतीश प्रजापति सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया जिलौनी में एक विधवा महिला की जमीन पर जबरन कब्जा करने और उसकी मेहनत की फसल को नष्ट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए विपक्षी दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दबंगों के उत्पीडन से तंग आकर उनका पुत्र आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश कर चुका है। तहसील पाली के ग्राम जिलौनी निवासी संजली दुलैया पत्नी कृपाल सिंह ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि वह एक विधवा महिला हैं। उनके गाटा संख्या 204 स्थित 2.50 एकड़ जमीन पर चकबंदी के बाद उन्हें कब्जा दखल दिया गया था। इस वर्ष उन्होंने खेत में मूंग की फसल बोई थी, जिसकी लागत करीब 50 हजार रुपये थी। पीड़िता का आरोप है कि 31 मार्च 2026 को गांव जमौरा निवासी कुछ दबंगों और एक अन्य व्यक्ति खेत पर आए। आरोप है कि विपक्षीगणों ने लेखपाल और कानूनगो से मिलीभगत कर बोई हुई फसल पर जरीब चलाकर उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब महिला ने मौके पर मौजूद लेखपाल महेन्द्र यादव से इसका विरोध किया, तो उन्होंने प्रार्थना पत्र के अनुसार अभद्रता करते हुए वहां से भाग जाने को कहा। प्रार्थना पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार, दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की नियत और फसल की बर्बादी से आहत होकर प्रार्थिनी का पुत्र पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने लगा। गनीमत रही कि गांव के लोगों ने उसे समय रहते पेड़ से उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई। महिला ने आशंका जताई है कि भविष्य में उसकी और उसके पुत्र की हत्या भी की जा सकती है।

### अभा हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित

**ललितपुर।** धर्म, संगठन और संत परंपरा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। पीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चंदेश्वरगिरी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि संतों के मार्गदर्शन में चलने वाला संगठन समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनता है। उनके उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सोनू ताम्रकार ने संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महासभा सनातन संस्कृति की रक्षा और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बाबा हीरानंद गिरीजी को अखिल भारत हिंदू महासभा का धर्माचार्य प्रमुख नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में अनुज सिंह ठाकुर, मयंक सेन, कृष्ण कुमार मालवीय, राघवेंद्र सिंह, गुरु नांगल, प्रकाश नारायण, अरविंद सेन, दीपक यादव, शंकर यादव, अजय सिंह यादव, अनिरुद्ध सिंह, विशाल त्यागी, कशिश राठौर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वार्ड नं. 26 में पीने का पानी नहीं

**ललितपुर।** भाजपा पार्षद गिरिश पाठक (सोनू) ने नगर पालिका परिषद, अपर जिला अधिकारी को पत्र लिखकर वार्ड नंबर 26 में पीने के पानी की भारी समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। पत्र में पार्षद ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में वॉर्ड 26 में पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कई जगहों पर टैंकर भी नहीं पहुंच पा रहा है। निवासियों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। वॉर्ड 26 में गर्मियों में पेयजल की भारी कमी हो जाती है, जिससे वार्डवासी पानी के लिए काफी दूर तक जाते हैं। गलियों में इतनी संकरी जगहें हैं कि टैंकर वहां तक नहीं पहुंच पाता, जिससे पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद हो जाती है। जल निगम के अधिकारियों द्वारा वार्ड 26 में पाइप लाइन डालने का आश्वासन लगभग एक वर्ष पहले दिया गया था, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। पार्षद ने अपर जिला अधिकारी से भीषण गर्मी को देखते तुरंत वार्ड 26 में पेयजल की उचित व्यवस्था करने का कहा।

## अनदेखी करने वाले निजी विद्यालयों की एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी

# चिन्हित दुकानों से शू, मोजे, किताबें व यूनिफार्म लेने को बाध्य नहीं कर सकते : जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरु होने के साथ ही निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से अधिक शुल्क वसूले जाने, चिन्हित दुकानों से शू, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि की अनिवार्य खरीद कराये जाने सम्बंधी अनेक शिकायतें भी प्राप्त होने लगी हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और छात्र-छात्राओं की शिक्षा भी प्रभावित होती है। ऐसी सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर जिले के समस्त निजी/स्ववित्त पोषित विद्यालयों के सम्बंध में जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विद्यालयों के द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी, निजी विद्यालय अधिक फीस वसूलने के साथ चिन्हित दुकानों से जूते, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि क्रय करने के लिए बच्चों व अभिभावकों को बाध्य नहीं कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों के सम्बंध में डीआईओएस व बीएसए से एक सप्ताह में जांच रपोर्ट मांगी गई हैं, जिसमें अभिभावकों बयान भी दर्ज किये जायेंगे। यदि आरोप सत्य पाये जाते हैं तो सम्बंधित विद्यालयों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।



ज्ञातत्व है कि विगत कई दिनों से समाचार पत्रों व विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 की धारा-1 के अन्तर्गत जनपद में संचालित निजी/स्ववित्त पोषित विद्यालयों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूले जाने, पुस्तकों एवं यूनिफार्म की अनिवार्य खरीद कराए जाने तथा कैपिटेशन फीस ली जा रही है, ऐसी शैक्षिक संस्थाओं द्वारा अपने छात्रों से प्रभारित किये जाने वाले शुल्क आदि व्यवस्थाओं/सुविधाओं को विनियमित करने वाली प्रभावी विधि का नियमतः अनुपालन न करने के परिणाम स्वरूप छात्रों एवं उनके संरक्षकों को अनावश्यक वित्तीय भार का सामना करना पडता है, जिससे छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है, जो लोकहित में नहीं है। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस व बीएसए को निर्देश दिये हैं कि वे ऐसे सभी विद्यालयों के सम्बंध में बिंदुवार जांच करें कि विद्यालयों की शुल्क संरचना के सम्बन्ध में उक्त संदर्भित अधिनियम की धारा-3 (7) व 4 का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3(8) में प्राविधानित है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि कोई कैपिटेशन शुल्क प्रभारित न किया जाये। विद्यालय द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3 (10) में प्राविधानित है कि किसी छात्र को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशिष्ट दुकान से कय करने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा। विद्यालयों द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-4 (11) में प्राविधानित है कि विद्यालय द्वारा पाँच निरन्तर शैक्षणिक वर्षों के भीतर पोशाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा, यदि परिवर्तन अपेक्षित हो तो इसमें परिवर्तन जनपदीय शुल्क नियामक समिति के पूर्व अनुमोदन से समुचित औचित्य के साथ किया जा सकता है। विद्यालयों द्वारा इस नियम का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं।

### प्राइवेट स्कूल दुकानदारों से महंगी किताबें लेने को मजबूर कर रहे

जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर पुरानी किताबें बेचने और उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। इस संबंध में आजादपुरा निवासी विनोद कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। विनोद मिश्रा ने बताया कि उनकी पुत्री जो महाराजा अग्रसेन विद्यालय में कक्षा-1 की छात्रा है, उसे विद्यालय द्वारा निर्धारित कल्पना बुक डिपो से ही पुस्तकें खरीदने के निर्देश दिए गए थे। 1 अप्रैल 2026 को जब वह उक्त दुकान से किताबें लेने पहुंचे, तो दुकानदार ने उन्हें पुरानी (सेकंड हैंड) किताबें दे दीं, जबकि उनसे नई पुस्तकों के बराबर या उससे अधिक मूल्य वसूला गया। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में कई बार दुकानदार से नई किताबें उचित मूल्य पर देने का अनुरोध किया गया, लेकिन न तो किताबें बदली गईं और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। आरोप है कि दुकानदार ने उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार भी किया। शिकायतकर्ता ने यह भी उल्लेख किया है कि वह लंबे समय से कमर दर्द से पीड़ित हैं, जिससे बार-बार दुकान के चक्कर लगाना उनके लिए कठिन रहा, इसके बावजूद दुकानदार ने समस्या को नजरअंदाज किया। शिकायत में मामले की जांच कर संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

## युवाओं ने की भागीदारी

# श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में 5 किमी मैराथन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्रीदीपचन्द्र चौधरी महाविद्यालय द्वारा पांच किलोमीटर मैराथन का भव्य आयोजन किया गया।

यह दौड़ क्षेत्रपाल मंदिर से प्रारंभ होकर महाविद्यालय परिसर तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम अंकुर श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। हरी झंडी मिलते ही प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरे मार्ग में खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्थापक प्रबंधक कमलेश चौधरी ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम की सफलता में प्रबंधन समिति सदस्य प्रवीण चौधरी, प्रदीप चौधरी एवं प्रणव चौधरी का विशेष योगदान रहा।

प्राचार्य जे.एस. तोमर ने कहा कि खेलकूद जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षक एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रमुख रूप से प्रो.आदित्य मिश्रा, प्रो.बृजेश पटेरिया, डा.राकेश राजन, प्रो.अभिषेक रावत, इंजी.मनीष रैकवार, एनसीसी पीटीआई अतुल सोनी, इंजी.राहुल चतुर्वेदी, प्रो.रोहित रावत, प्रो.आकाश राय, रवि पटेल, प्रो.नीतू शर्मा, प्रो.प्रीति तिवारी, जया जैन, आरजू जैन एवं भगवान दास शामिल रहे।

## श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र में घटयात्रा व शोभायात्रा निकालेंगे

# निर्यापक मुनि के ससंघ द्वारा आज से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

चांदपुर जहाजपुर स्थित श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र में 8 से 13 अप्रैल तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन जगत पूज्य निर्यापक मुनिश्री सुधासागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में सम्पन्न होगा। महोत्सव की शुरुआत 8 अप्रैल को सुबह मुनिश्री के भव्य मंगल प्रवेश से होगी, जो घटयात्रा एवं शोभायात्रा के साथ निकलेगा।

कार्यक्रम के तहत ध्वजारोहण, आचार्य निमंत्रण एवं गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक की पूर्व क्रियाएं संपन्न की जाएंगी। छह दिवसीय इस आयोजन में जन्म, तप, ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव आयोजित होंगे। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप सुयश के निर्देशन में कार्यक्रम संचालित होगा। आयोजन का संयोजन श्रीजैन समाज पंचायत समिति द्वारा किया जा रहा है, जबकि श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी धौर्रा इसका संचालन कर रही है। महोत्सव का



मुख्य आकर्षण 18 फीट ऊंची प्राचीन भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा एवं 15 फीट की नवीन प्रतिमा की भव्य प्रतिष्ठा होगी, जो मुनिश्री के सूर्यमंत्र द्वारा संपन्न कराई जाएगी। प्रतिदिन सुबह अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन विधान आयोजित होंगे, जबकि रात्रि में भव्य दरबार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों द्वारा नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षेत्र कमेटी द्वारा बस सेवा उपलब्ध कराई गई है, जो सुबह-शाम श्रीअभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र एवं जैन अटा मंदिर जी से संचालित होगी। मीडिया प्रमुख रवि जैन ने बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान महामहिम सिंघई डा.महेन्द्र जैन धौर्रा, अध्यक्ष अरविन्द्र जैन, महामंत्री सिंघई धन्यकुमार जैन एड., कोषाध्यक्ष अनुपम अनौरा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष गोयल एड., महोत्सव प्रभारी अमितप्रिय जैन, अभिषेक जैन, प्रचार-प्रसार मीडिया प्रमुख रवि जैन चुनगी, उपाध्यक्ष-अनूप सराफ, चक्रेश जैन, ममता जैन, रवीन्द्र जैन, शीलचंद्र, मरफी जैन, पुष्पेन्द्र जैन, शान्तोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी चांदपुर जहाजपुर धौर्रा तैयारियों में जुटी है।

## अंजनी माता मेला जारी, धर्म मय हुआ वातावरण

# दिन में हरे राम हरे कृष्णा, संध्या को लोकगायन की धूम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी (ललितपुर)

तहसील महरौनी अंतर्गत कुम्हैडी स्थित अंजनी माता मंदिर प्रांगण में चल रहे मेले में धार्मिक आयोजनों से वातावरण धर्ममय बना हुआ है। जहां दिन में हरे राम हरे कृष्णा की गूंज रही तो शाम को धार्मिक लोक गायन से माहौल धर्ममय हो गया।

अंजनी मेला मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में हनुमान जयंती पर पूर्णमासी से एक सप्ताह के लिए आयोजित किया जाता है। जिसमें सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत 51 प्रभात फेरी मंडलियों ने ग्राम स्थित बगीचा वाले हनुमानजी मंदिर से धर्म ध्वजा लेकर ग्राम में भ्रमण करते हुए अंजनी दरबार पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भक्तों ने हरे राम, हरे राम, राम, राम, हरे, हरे, हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा, कृष्णा, हरे, हरे की संगीतमय धुन गाई। इससे समूचा वातावरण धर्ममय हो गया। एमएलसी प्रतिनिधि, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने प्रभात फेरी मंडलियों की अगवानी



की। कमेटी द्वारा मंडलियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। वहीं सांध्यकालीन बेला में बुंदेली धार्मिक, सांस्कृतिक, लोकगीत एवं लोक गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें बलराम यादव विनीता कुशवाहा एंड पार्टी खरगापुर, विक्रम सिंह बुंदेला सहगायिका मीना राजपूत एंड पार्टी टीकमगढ़ आदि कलाकारों ने श्री गणेश, माता सरस्वती, अंजनी माता की वंदना करते हुए एक से बढ़कर एक धार्मिक प्रस्तुति दी श्रद्धालुओं ने अंजनी माता के जयकारे लगाते हुए पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अनुज कुमार अवस्थी, टीका सिंह, दिनेश बिदुआ, संतोष निरंजन नेता, मुकेश श्रीवास्तव, संतोष पटेल, धनीराम टिकरया, बलराम निरंजन, प्रमोद सिरोठिया, संजय रावत, ललित किशोर तिवारी, गिन्नी राजा, रामकुमार नायक, नारायन सिंह राजा, नोने राजा, सत्यदेव खरे, संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायन सोनी, संन्तोष कौशिक, प्रकाशनारायन निरंजन, मुन्नालाल निरंजन आदि मौजूद रहे।

## खडोबरा में क्रिकेट टूर्नामेंट

# छात्र जीवन में खेल के प्रति लगन भविष्य की उन्नति का मार्ग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खडोबरा के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। शुभारंभ सीनियर सिटीजन संघ कार्यवाहक अध्यक्ष पं.राजाराम गोस्वामी, महासचिव पं.जयप्रकाश नारायण द्विवेदी, आचार्य रामकिशन शाक्य एवं प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले मुकाबले में पं.रुद्र नारायण इंटर कॉलेज खडोबरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीरा टीम को 4 रन से पराजित किया। चीरा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया था, जिसके जवाब में खडोबरा टीम ने 10 ओवर में 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चीरा टीम 101 रन पर सिमट गई। इस मैच में गुडडू राजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में किंग्स ऑफ रोड़ा (टीम ए) ने रजवारा रॉयल्स को 10 रन से हराकर जीत दर्ज की। किंग्स ऑफ रोड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 140 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में रजवारा रॉयल्स 130 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में राज राजा को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। इस दौरान जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष शत्रुघ्न यादव ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और यही बच्चे भविष्य में जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। संघ उपाध्यक्ष पं.रजनीश दीक्षित ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे युवा शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। महिला क्रिकेट चैंपियन कु.सुरभि राजा ने छात्राओं को भी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर देवेन्द्र शर्मा, अंजलि बुंदेला, आकांक्षा राजा, संजय राजा, अजय राजा, रवि यादव, अजय यादव, पं. दिनेश्वर राय, राहुल पटैरिया, रामजू यादव, रामसजीवन यादव, सेदपाल यादव, गुडडू राजा, विकास यादव, अर्जुन कबूतरा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री अंसारी ने उद्यमी विकास अभियान में लाभार्थी को डमी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मो. दानिश आजाद अंसारी ने ट्रैक्टर संचालित आटा चक्की योजना के लाभार्थी को डमी- की प्रदान की। प्रभारी मंत्री ने लाभार्थी को अपने उद्यम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस तरह की योजनाएं युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से जिले के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया




कि वह मेहनत और लगन के साथ अपने कार्य को आगे बढ़ाएं, जिससे न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन स्तर सुधरे, बल्कि जनपद के विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने भी योजना की सराहना की और इसे युवाओं के लिए एक सकारात्मक पहल बताया।

# अभा कवि सम्मेलन में देर रात तक घुला हास्य-व्यंग्य का रस

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे 8 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में छठवें दिन तुवन मंदिर प्रांगण में भव्य अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा और हास्य, व्यंग्य, गीत एवं ओज के रंग बिखेरे।

शुभारंभ भगवान श्रीहनुमान एवं माता सरस्वती के चित्र समक्ष मुख्य अतिथि अशोक पटैरिया, रामेश्वर सडैया, अवध बिहारी उपाध्याय एवं डा.दीपक चौबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कवि सम्मेलन में विदिशा से संतोष सागर, फिरोजाबाद से यशपाल यश, धौलपुर से रामबाबू सिकरवार, भिलाई से नीलम कश्यप, प्रतापगढ़ से हरि बहादुर सिंह हर्ष, मुल्ताई से दीपक साहू, ललितपुर से महेश मास्साब, मंजू कटारे एवं अखिलेश शांडिल्य अखिल सहित कई कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कवियों ने हास्य-व्यंग्य, देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं के माध्यम से दर्शकों को खूब हंसाया और भावविभोर किया। संतोष सागर, दीपक साहू और हरि बहादुर हर्ष की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से तालियां बटोरीं, वहीं स्थानीय कवियों ने भी अपनी सशक्त रचनाओं से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा अतिथियों एवं कवियों का सम्मान किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान समिति अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत चौबे, प्रबंधक हरविन्दर सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। संचालन संतोष सागर एवं विजय शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## सीएमओ कार्यालय सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी आयोजित

# स्वास्थ्य को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सीएमओ कार्यालय सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी सीएमओ डा.अमित तिवारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि हम अपने स्वास्थ्य को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं। कहा कि बीते वर्षों में वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों ने यह सिखाया है कि मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली के बिना सामाजिक और आर्थिक विकास संभव नहीं है। स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होने की अवस्था है। गोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान जीवनशैली में




आए बदलावों के कारण मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी गैर-संचारी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड डाइट के बढ़ते प्रचलन से पारंपरिक और पोषक आहार की उपेक्षा हो रही है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पैदल चलने और योग को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी उतना ही महत्वपूर्ण बताते हुए तनाव, चिंता और अवसाद से बचाव के लिए ध्यान, पर्याप्त नींद और सकारात्मक वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, टीकाकरण, पर्यावरण संरक्षण और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर खतरा है, जिससे बचाव के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। अंत में डा.अमित तिवारी ने सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए लोगों से अपील की कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि हमें केवल स्वयं ही स्वस्थ नहीं रहना है, बल्कि समाज में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलानी है, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके। इस दौरान सीएमओ कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

